# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 269 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 01 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## राजस्थान में ईवी इंफ्रा को बड़ा बूस्ट, 591 चार्जिंग स्टेशन बनेंगे

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने राजस्थान के लिए 81.12 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत राज्य के बड़े शहरों और हाईवे पर 262 स्थानों पर कुल 591 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इससे प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की उपयोगिता और सुविधाएं दोनों तेजी से बढ़ेंगी।

यह प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत लागू किया जाएगा, जिसके लिए राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम ने केंद्र को प्रस्ताव भेजा था। योजना के तहत राजधानी जयपुर में सबसे अधिक 112 चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। वहीं अजमेर में 49, उदयपुर में 39 और कोटा में 28 स्टेशन स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं।

खास बात यह है कि नेशनल और स्टेट हाईवे पर भी 34 चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जाएंगे, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों से लंबी दूरी की यात्रा आसान हो सकेगी। अब तक चार्जिंग सुविधाओं की कमी के कारण ईवी से लंबी यात्रा करना चुनौतीपूर्ण माना जाता रहा है।

सरकार इस परियोजना के लिए जमीन उपलब्ध कराएगी और अधिकांश चार्जिंग स्टेशन सरकारी भूमि पर स्थापित किए जाएंगे। पूरे प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम द्वारा किया जाएगा।

इस पहल के पूरा होने के बाद शहरों से लेकर हाईवे तक हर जगह वाहन चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे लोगों का रुझान तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ेगा। साथ ही, प्रदूषण में कमी आएगी और स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।




## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की गहलोत को वानप्रस्थ की सलाह

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हालिया बयानों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि गहलोत को अब 'इंतजार शास्त्र' छोड़ देना चाहिए, क्योंकि उनका राजनीतिक समय समाप्त हो चुका है।

राठौड़ ने कहा कि गहलोत को अब नई पीढ़ी को आगे आने का मौका देना चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 'इंतजार करते-करते तो वे सूख जाएंगे ', इसलिए अब उन्हें संतोष का मार्ग अपनाते हुए वानप्रस्थ और सन्यास की ओर बढ़ना चाहिए।


भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने गहलोत के कार्यकाल पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि तीन बार मुख्यमंत्री रहने के बावजूद गहलोत पार्टी को मजबूत नहीं कर पाए। राठौड़ के अनुसार, कांग्रेस ने उन्हें विभिन्न राज्यों का प्रभारी बनाया, लेकिन वहां भी संगठन को नुकसान ही हुआ।



राजनीतिक हलकों में चल रही हलचल पर टिप्पणी करते हुए राठौड़ ने कहा कि गहलोत इन दिनों दिल्ली की ओर सक्रिय हुए हैं, जहां से पार्टी के बड़े फैसले होते हैं। उनका कहना है कि आंतरिक प्रतिस्पर्धा के चलते गहलोत राष्ट्रीय नेतृत्व की नजरों में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।

हालांकि, बयान के अंत में राठौड़ ने गहलोत को अपना 'अच्छा मित्र' बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दीं, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि आने वाले समय में उनकी राजनीतिक चुनौतियां और बढ़ सकती हैं।

## अस्पताल परिसर बना अखाड़ाः पार्किंग विवाद में सरिए-डंडे चले, गाड़ियों में तोड़फोड़





**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

**गर्वित ।** नयापुरा थाना क्षेत्र स्थित जेकेलोन अस्पताल में मंगलवार दोपहर पार्किंग को लेकर हुआ विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। अस्पताल परिसर में ही पार्किंग कर्मियों और मरीज के परिजनों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें सरिए और डंडों का इस्तेमाल किया गया। घटना में कई लोग घायल हुए हैं, वहीं एक कार के शीशे भी तोड़ दिए गए। पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है, जिसने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 2 बजे ओमप्रकाश अपनी सास को अस्पताल में भर्ती कराने पहुंचे थे। लौटते समय पार्किंग शुल्क को लेकर कर्मचारियों से उनकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि बिना रसीद पैसे मांगने का विरोध करने पर पार्किंग कर्मियों ने हमला कर दिया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और अस्पताल परिसर रणक्षेत्र में बदल गया।

घटना के दौरान अस्पताल में मौजूद अन्य परिजन भी मौके पर पहुंच गए और फिर दोनों पक्षों में जमकर हाथापाई हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। वहीं बूंदी से आए एक अन्य परिवार के साथ भी मारपीट होने की जानकारी सामने आई है।

इधर, पार्किंग कर्मचारियों ने भी खुद पर हमला होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विवाद के दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने कार से लोहे के पाइप निकालकर हमला किया और पत्थरबाजी करते हुए नकदी भी छीन ली। इस झगड़े में उनके कई कर्मचारी भी घायल हुए हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। दोनों पक्षों को थाने ले जाकर शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि अस्पताल की पार्किंग व्यवस्था को लेकर पहले भी कई बार विवाद हो चुके हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई के अभाव में स्थिति जस की तस बनी रही।

## वेज ऑर्डर पर नॉनवेज पिज्जा, ग्राहक खा चुका था , कंपनी के फोन के बाद बिगड़ी तबीयत

**भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर।**

शहर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक शाकाहारी ग्राहक को वेज पिज्जा के बजाय नॉनवेज पिज्जा डिलीवर कर दिया गया। हैरानी की बात यह रही कि कंपनी ने करीब आधे घंटे बाद फोन कर गलती की जानकारी दी, तब तक ग्राहक पिज्जा खा चुका था। जानकारी मिलते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे कई बार उल्टियां हुईं।

मामला पंचशील कॉलोनी का सोमवार रात का है। वैशाली नगर निवासी एक बिल्डर ने पंचशील स्थित सीएसएम मॉल के डोमिनोज आउटलेट से रात करीब 9 बजे वेज पिज्जा ऑर्डर किया था। डिलीवरी मिलने के बाद उन्होंने पिज्जा खा लिया। ग्राहक के अनुसार, उन्हें स्वाद में कोई शक नहीं हुआ और उन्होंने इसे नया फ्लेवर समझकर खा लिया।

करीब आधे घंटे बाद कंपनी की ओर से फोन आया, जिसमें बताया गया कि गलती से वेज की जगह नॉनवेज पिज्जा भेज दिया गया है। इस पर ग्राहक ने कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे गंभीर लापरवाही बताया।




कंपनी ने इसे 'ह्यूमन एरर' बताते हुए माफी मांगी, साथ ही पैसे वॉलेट में रिफंड कर दिए और दोबारा वेज पिज्जा भी भिजवा दिया।

पीड़ित का कहना है कि वह जीवन में कभी नॉनवेज नहीं खाते, ऐसे में बिना जानकारी के नॉनवेज खाना उनके लिए मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करने वाला रहा। उन्होंने बताया कि पिज्जा खाने के बाद से ही उनकी तबीयत खराब है और लगातार उल्टियां हो रही हैं।

सबसे गंभीर बात यह सामने आई कि पिज्जा बॉक्स पर वेज या नॉनवेज की कोई टैगिंग नहीं थी, जबकि इसके लिए स्पष्ट नियम हैं। ग्राहक ने इस लापरवाही को लेकर कस्टमर केयर पर शिकायत दर्ज कराई है।

## चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना, अधिवक्ता के घर देर रात सेंध ,नकदी व अहम दस्तावेज ले उड़े





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

कस्बे में कानून व्यवस्था को चुनौती देती एक और वारदात सामने आई है। उपखंड कार्यालय के ठीक सामने स्थित अधिवक्ता के घर को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने सोमवार देर रात दुस्साहसिक चोरी को अंजाम दे दिया। हैरानी की बात यह है कि चोरों ने भीड़भाड़ वाले इलाके में वारदात को अंजाम देकर पुलिस गश्त पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, चोर पहले मकान की दीवार फांदकर अंदर घुसे और फिर मुख्य द्वार पर लगे इंटर लॉक व गेट को तोड़कर घर में प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने पूरे घर को खंगाल डाला। रसोई से गैस सिलेंडर उठाने के साथ ही अधिवक्ता के कार्यालय में रखे करीब 65 हजार रुपए नकद और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी चुरा लिए। जाते-जाते चोरों ने अलमारियों और फाइलों को अस्त-व्यस्त कर दिया, जिससे यह साफ है कि वे कीमती कागजात की तलाश में थे।

घटना के समय अधिवक्ता मुकेश धाकड़ अपने परिवार सहित गणेशपुरा स्थित अपने दूसरे मकान पर गए हुए थे। सूना घर देख चोरों ने पूरी रात बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब धाकड़ वापस लौटे तो घर के टूटे ताले और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए।

पीड़ित मुकेश धाकड़ ने बताया कि नकदी के साथ कई जरूरी दस्तावेज भी चोरी हो गए हैं, जिनकी पहचान की जा रही है। इन दस्तावेजों के गायब होने से उनके पेशेवर कार्यों पर भी असर पड़ सकता है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई सुनील कुमार बेनीवाल ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी है।

इधर, कस्बे में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से आमजन में भय का माहौल है।




## गोपालपुरा विद्यालय में चोरी, मिड-डे मील की दो गैस टंकियां पार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

क्षेत्र के गोपालपुरा स्थित विद्यालय में अज्ञात चोरों ने छुट्टी का फायदा उठाते हुए रसोईघर के दो कमरों के ताले तोड़कर मिड-डे मील के लिए रखी भरी हुई दो गैस टंकियां चुरा लीं। घटना से विद्यालय स्टाफ में हड़कंप मच गया।

संस्था प्रधान कमलेश कुमार भील ने बताया कि 29 मार्च को रविवार तथा सोमवार को अधिकृत अवकाश होने के कारण विद्यालय बंद था। सोमवार रात करीब 8:30 बजे शिक्षक शंभूलाल कुम्हार एक पूर्व छात्र के साथ निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें लेने विद्यालय पहुंचे, जहां रसोई कक्ष का ताला टूटा हुआ मिला।


सूचना मिलने पर अन्य शिक्षकों को बुलाकर जांच की गई तो चार में से दो भरी गैस टंकियां गायब मिलीं, जबकि खाली टंकियां मौके पर ही छोड़ दी गईं। चोर जिस सरिये से ताला तोड़कर अंदर घुसे थे, उसे भी वहीं छोड़ गए। पास के एक अन्य कमरे का ताला भी टूटा मिला, लेकिन वहां से कोई सामान चोरी नहीं हुआ।



सूचना पर प्रधानाचार्य कमलेश कुमार भील भी मौके पर पहुंचे और पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रथम दृष्टया मामला केवल गैस टंकियां चोरी करने का प्रतीत हो रहा है, क्योंकि अन्य सामान सुरक्षित मिला।

बताया जा रहा है कि नए सत्र की शुरुआत को देखते हुए मिड-डे मील के लिए टंकियां भरवाकर रखी गई थीं। उल्लेखनीय है कि विद्यालय भवन आबादी से कुछ दूरी पर स्थित है, जिससे चोरों को वारदात अंजाम देने में आसानी हुई।

# भगवान महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, गूंजे जयकारे



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**( राजेन्द्र बबलू पोखरना):** उपखण्ड मुख्यालय में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक ओसवाल जैन समाज द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

ओसवाल समाज के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा व मंत्री प्रकाश पोखरना ने बताया कि प्रातः सदर बाजार स्थित आदिनाथ मंदिर से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा के दौरान पचरंगी ध्वज लहराते श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा कस्बा गूंज उठा।

शोभायात्रा में महिलाएं लाल चुंदड़ी व पुरुष सफेद कुर्ते में एकरूपता के साथ शामिल हुए, जो समाज की एकता का प्रतीक रहा। दिगम्बर समाज के अध्यक्ष नेमीचंद पाटोदी के सानिध्य में बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने भाग लिया।



शाम को शीतल भवन में सामूहिक जाप एवं भक्ति कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर स्वामी के भजनों की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## उपकोषाधिकारी प्रियकांत शर्मा को भावभीनी विदाई, सेवाओं को किया याद



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचन्द पेसवानी):** उपकोषाधिकारी प्रियकांत शर्मा को सेवानिवृत्ति के अवसर पर कार्यालय परिवार एवं शहरवासियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान सहकर्मियों ने उनका माल्यार्पण कर शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वक्ताओं ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनकी कार्यशैली सभी के लिए प्रेरणादायक रही।

समारोह में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों ने भी उन्हें सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की। कार्यालय के मुख्य द्वार पर स्टांप विक्रेताओं द्वारा साफा बांधकर पारंपरिक स्वागत किया गया।

इस अवसर पर भगवान सिंह यादव, सुनील शर्मा, अतुल पारीक सहित अन्य साथियों ने उनके सरल और मिलनसार स्वभाव की प्रशंसा की। कवि दिनेश बंटी व गीतकार सत्येंद्र मंडेला ने भी अपने शब्दों के माध्यम से शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में प्रियकांत शर्मा ने शाहपुरा में बिताए समय को यादगार बताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदा किया।

## हरिओम माली ने 97.60% अंक हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा ।**

**परमेश्वर।** सरदार नगर निवासी हरिओम माली पुत्र सम्पत माली ने 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वह भीलवाड़ा के श्री महेश शिक्षा सदन में अध्ययनरत था और गांव से 40 किमी दूर रहकर पढ़ाई करता था।

हरिओम प्रतिदिन करीब 8 घंटे लाइब्रेरी में पढ़ाई के साथ रात तक नियमित अध्ययन करता रहा। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उसकी मेहनत और अनुशासन का परिणाम शानदार सफलता के रूप में सामने



आया।उसकी उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष जताते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजगढ़ के बागथला पितास बन्नी स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में गुर्जर समाज द्वारा समाज सुधारक कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की चतुर्थ पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सरपंच प्रतिनिधि शिवकुमार गुर्जर ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बैंसला ने समाज को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में गुर्जर महासभा तहसील अध्यक्ष शिवकुमार गुर्जर, पूर्व सरपंच लादूलाल गुर्जर, भेरूलाल गुर्जर, रतनलाल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# गैस-पेट्रोल अफवाहों पर पुलिस सख्त, कालाबाजारी करने वालों की खैर नहीं : थानाधिकारी स्वागत पांड्या

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

एलपीजी गैस तथा पेट्रोल-डीजल की कथित कमी को लेकर फैल रही अफवाहों और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए मंगलवार को थाना परिसर में थानाप्रभारी स्वागत पांड्या की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आमजन को जागरूक करते हुए स्पष्ट संदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या जमाखोरी-कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने कहा कि पैनिक फैलाने वाली झूठी सूचनाओं पर नजर रखी जा रही है और ऐसे मामलों में तुरंत कानूनी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों



से अपील की कि वे किसी भी भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत पुलिस को सूचना दें।

बैठक में आगामी हनुमान जयंती को लेकर भी चर्चा हुई। विभिन्न स्थानों पर होने वाले आयोजनों को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया।



इस दौरान सदस्य अनिल टांक ने शक्करगढ़ चौराहे के पास बढ़ती नशाखोरी पर चिंता जताई। थानाधिकारी ने इस पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया। वहीं वेदप्रकाश तिवारी ने चंबल परियोजना से पेयजल आपूर्ति में कटौती से जुड़ी अफवाहों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इससे आमजन में अनावश्यक भय का माहौल बन रहा है। थानाधिकारी ने लोगों से घरों को सूना न छोड़ने, किरायेदारों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाने और सतर्क रहने की अपील की।

बैठक में रमेश गुरुजी, राजेंद्र तंवर, देवेंद्र लखारा, तुलसी रिजवानी, सौकत अली सहित कई नागरिक मौजूद रहे।

# गौ माता से कुकृत्य के मामलों पर रोष, 72 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी







**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

गौ माता के साथ कथित कुकृत्य की घटनाओं को लेकर शहर में हिंदू संगठनों में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, श्री राम गौ सेवा समिति, पंचमुखी गौशाला समिति सहित विभिन्न गौ संगठनों के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की।

विहिप महानगर प्रचार-प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से शहर का माहौल खराब करने के उद्देश्य से योजनाबद्ध तरीके से इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में गौ माता को अत्यंत पूजनीय माना जाता है और इस तरह की घटनाएं धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि पहली घटना 7 मार्च की रात धानमंडी क्षेत्र में हुई, जिसकी रिपोर्ट भीमगंज थाने में दर्ज कराई गई थी। वहीं दूसरी घटना 27 मार्च को सब्जी मंडी क्षेत्र में हुई, जिसकी शिकायत कोतवाली थाने में दी गई। संगठनों का आरोप है कि दोनों ही मामलों में अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से समाज में रोष व्याप्त है।

संगठनों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 72 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान अखिलेश व्यास, विनीत द्विवेदी, ओमप्रकाश लड्ढा, भारत गेंगट, सुशील सुवालका, मुकेश प्रजापत, मनोज सोनी, सतु बजरंगी, गौरव जीनगर, कमल राजपुरोहित, राम लखन राव, भेरू माली, देवराज गुर्जर, काना माली, महावीर, बबलू गाडरी, कालू तेली, सुरेश सहित बड़ी संख्या में गौसेवक उपस्थित रहे।

# रावणा राजपूत समाज द्वारा आखातीज पर सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां तेज, पंजीयन तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ी

**भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू**

**( दिनेश गुर्जर )** रावणा राजपूत समाज द्वारा आगामी आखातीज पर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस संबंध में मंगलवार को जोगणिया माताजी स्थित समाज धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई, जो आयोजन समिति के संरक्षक बालू सिंह देवड़ा लाडपुरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तृत मंथन किया गया। समाज के अधिक से अधिक जोड़ों को अवसर देने के उद्देश्य से वर-वधु पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी गई है। अब तक 15 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है।





सम्मेलन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए निमंत्रण पत्र वितरण, मंडप एवं पंडित व्यवस्था, वर-वधुओं को दी जाने वाली भेंट सामग्री, घोड़े एवं ड्रोन वीडियोग्राफी सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रम की समय-सारिणी भी घोषित की गई है। इसके अनुसार सुबह 6 बजे बारात आगमन, 6:15 बजे गणपति स्थापना, 7 बजे बड़ा विनायक, 9:21 बजे तोरण व बारात स्वागत, 10 बजे वरमाला एवं समाज संगोष्ठी होगी। प्रीतिभोज सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम तक चलेगा, जबकि दोपहर 3 बजे आशीर्वाद समारोह और शाम 5 बजे विदाई कार्यक्रम आयोजित होगा।

बैठक में समाज के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं।



QUICK BITES

## छोटी बिजोलिया स्कूल का शानदार परिणाम, अक्षरा जैन ब्लॉक टॉपर

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**मानव तिवारी** । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, छोटी बिजोलिया ने कक्षा 12वीं (कला वर्ग) में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।
विद्यालय की छात्रा अक्षरा जैन पुत्री अंकुश जैन ने 96.40% (482/500 अंक) प्राप्त कर पूरे बिजोलिया ब्लॉक में प्रथम स्थान हासिल किया। विशेष रूप से अक्षरा ने राजनीति विज्ञान और भूगोल में 100-100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
प्रधानाचार्य धन्नालाल सैनी ने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों की मेहनत, अनुशासन और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने सभी शिक्षक साथियों का आभार जताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य धन्नालाल सैनी सहित जितेंद्र कुमार गोचर, विकास चौधरी, राकेश कुमार वर्मा, नेहा शर्मा, रवि कुमार बैरवा, ममता धाकड़, अनिता धाकड़, संजय मीणा, ज्योति स्वर्णकार और सुमन पांचाल ने छात्रा जैन का स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ः



नगर के पुरानी आबादी स्थित गांधी चौक पर मंगलवार को भगवान महावीर जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों ने बड़े जैन मंदिर में भगवान महावीर की प्रतिमा का अभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की।
जयंती के उपलक्ष्य में भगवान नगर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सदर बाजार, पुरानी आबादी गांधी चौक से होते हुए पुराने बस स्टैंड मार्ग और माणिक्य सर्किल से होकर पुनः जैन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।
मार्ग में जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में भगवान महावीर को आकर्षक पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया।
इस दौरान विधायक गोपाल खंडेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, अनिता सुराणा, मनोज आंचलिया, समुद्र सिंह लढा, राकेश ओस्तवाल, मुकेश व्यास, महावीर लढा, निर्मल भंडारी सहित जैन समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जीव दया अभियान के तहत पानी की टंकियां व परिंडे वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों एवं गौवंश की प्यास बुझाने के उद्देश्य से 'जीव दया अभियान' के तहत काशीपुरी स्थित शीतल स्वाध्याय भवन में सेवा कार्य आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 100 सीमेंट की पानी की टंकियां, गौ-पात्र, परिंडे एवं पक्षी घोंसलों का निःशुल्क वितरण किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सीए सुभाष चंद्र बहेडिया ने इसे प्रेरणादायक पहल बताते हुए जीव सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया।
स्थाई लोक अदालत सदस्य गोवर्धन सिंह कावड़िया व अन्य अतिथियों ने भी इस अभियान को समाज में सेवा और संवेदनशीलता बढ़ाने वाला बताया।
आयोजकों ने बताया कि अब तक 400 से अधिक पानी की टंकियां वितरित की जा चुकी हैं और अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन ललित मधु लोढ़ा ने किया तथा अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# भागवत समरसता महोत्सव में उमड़ी श्रद्धा, प्रवचनों से मिला जीवन का संदेश

## राधाकृष्ण महाराज बोले ज्ञान को जीवन में उतारना ही सच्चा कल्याण





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



परम पूज्य माधव गो विज्ञान अनुसंधान संस्थान एवं श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट, नौगांवा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'भागवत समरसता महोत्सव' अपने चरम पर पहुंच गया है। मंगलवार को महोत्सव के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां हजारों श्रद्धालु धर्ममय वातावरण में सराबोर नजर आए।
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस कथा श्रृंखला में परम पूज्य गौवत्स राधाकृष्ण महाराज ने नंदोत्सव सहित विभिन्न प्रसंगों पर अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि केवल ज्ञान अर्जित करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसे आचरण में उतारना ही सच्चा कल्याण है। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज लोग संतों के विचार सोशल मीडिया पर साझा तो करते हैं, लेकिन उन्हें अपने जीवन में नहीं अपनाते। सुख की परिभाषा बताते हुए उन्होंने कहा कि वास्तविक आनंद सुविधाओं में नहीं, बल्कि संतोष और सरलता में निहित है। मंगलवार सुबह दूधाधारी मंदिर से निकली प्रभातफेरी में भक्ति का विशेष उत्साह देखने को मिला। शहर की गलियां भजन-कीर्तन से गुंजायमान रहीं। महाराज श्री ने इसे गिरिराज तीर्थ यात्रा के समान पुण्यदायी बताया।
रामसनेही वाटिका में आयोजित युवा गोष्ठी में युवाओं को मातृभाषा के महत्व और संस्कारों की ओर प्रेरित किया गया। साथ ही भगवान महावीर जन्मोत्सव के अवसर पर अहिंसा और अपरिग्रह का संदेश भी दिया गया।
मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि कथा पंडाल में समाज के विभिन्न वर्गों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।
महोत्सव के तहत आयोजित समरसता भोज में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने घरों से प्रसाद सामग्री लाकर सहयोग किया। शाम को 108 बार हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। महोत्सव का समापन गुरुवार को सुदामा चरित्र की कथा के साथ होगा।

# विधिक जागरूकता शिविर, साइबर अपराधों से बचाव के बताए उपाय

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।




**शुभम जैन** । तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में नगर पालिका परिसर में आमजन के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी ने की।
कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को उनके मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा बढ़ते सामान्य और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताना रहा। वक्ताओं ने कहा कि जागरूक नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव होता है और प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह कानून का सम्मान करे तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखे।
इस दौरान मोबाइल स्नैचिंग, वाहन चोरी, घरों में चोरी, ऑनलाइन फ्रॉड, एटीएम क्लोनिंग, फिशिंग कॉल और केवाईसी के नाम पर धोखाधड़ी जैसे बढ़ते अपराधों पर प्रकाश डालते हुए सतर्क रहने की अपील की गई। नागरिकों को सलाह दी गई कि वे अजनबी कॉल और संदेशों से सावधान रहें, ओटीपी व बैंकिंग जानकारी साझा न करें तथा केवल अधिकृत वेबसाइट और एप का ही उपयोग करें। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।
इस अवसर पर कनिष्ठ लिपिक नरेश धाकड़, एडवोकेट सुनील जोशी, सुनील स्वर्णकार, गौरव शर्मा, पीएलवी अंजली नायक, पीएलवी गोपाल पाराशर, रामबाबू माथुर, पीएस बिजौलिया रामदयाल चौधरी, अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, समाजसेवी शिव चन्द्रवाल, रमेश चन्द्र गुरुजी, धर्मसिंह पंवार, दुर्गालाल छीपा, पंकज जैन, जितेन्द्र सिंह चौहान, निलेश चितौड़ा, योगेश अहीर, श्याम पाराशर, राजकुमार तिवाड़ी सहित नगर पालिका स्टाफ व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# विधायक कोठारी ने मानसून पूर्व किया विभिन्न नालों का निरीक्षण

## वर्षा ऋतु से पहले प्रमुख नालों की जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



विधायक अशोक कुमार कोठारी ने आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए शहर की जल निकासी व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न प्रमुख नालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर आवश्यक मरम्मत, सफाई एवं सुधार कार्यों की अग्रिम कार्यवाही तुरंत प्रारंभ करने के निर्देश दिए।
निरीक्षण के दौरान विधायक कोठारी ने सांगानेर गेट नाला, जैन ज्योति नगर का नाला, सांगानेर कॉलोनी में प्रस्तावित महिला आईटीआई ग्राउंड के पास का नाला, मोती बावजी का नाला, भारद्वाज हॉस्पिटल के पास वाला नाला तथा रोडवेज बस स्टैंड के पास वाले नाले का मौके पर जाकर जायजा लिया।
विधायक कोठारी ने कहा कि वर्षा ऋतु से पूर्व नालों का रखरखाव, सफाई और मरम्मत कार्य समय रहते पूरा होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि शहरवासियों को जलभराव, गंदगी और आवागमन की समस्या का सामना न करना पड़े।
इस दौरान उन्होंने गांधीसागर से सांगानेर नदी तक आने वाले नाले का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल निकासी के मार्ग में आने वाली बाधाओं को शीघ्र दूर कर प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिससे शहर में जल भराव की समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

# महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का भव्य समापन, शोभायात्रा व सेवा कार्यों में उमड़ा जनसैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,




भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रमों का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन प्रभात फेरी, अभिषेक व ध्वजारोहण के बाद शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो प्रमुख मार्गों से होकर चित्रकूट धाम पहुंची। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे व पर्यावरण संरक्षण का संदेश विशेष आकर्षण रहे।
कार्यक्रम में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू व विधायक अशोक कोठारी ने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य व करुणा के सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान किया। चित्रकूट धाम में आयोजित रक्तदान शिविर में 412 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह किया गया। वहीं सामूहिक स्नेहभोज में करीब 13 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान हजारों परिंडे वितरित कर जीव दया का संदेश दिया गया।

# महावीर जन्मकल्याणक पर सुपार्श्वनाथ मंदिर में सजी भक्ति की अनुपम छटा

## 1008 दीपों की महाआरती से जगमगाया सुपार्श्वनाथ जैन मंदिर





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

हाउसिंग बोर्ड स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। मंदिर परिसर दीपों की रोशनी, भव्य सजावट और जयकारों से गूंज उठा।

नवीन काला ने बताया कि सायंकाल मुनि अरह सागर महाराज एवं निहित सागर महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इसके बाद 1008 दीपों से महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन की व्यवस्थाएं सुमित पाटनी, शुभम काला, मुकेश पाटनी, रजनीश पाटनी, राकेश झांझरी और माणक चंद बाकलीवाल के नेतृत्व में की गई।

मंच संचालन पदम चंद काला ने किया, वहीं कमल गोधा, सरला चूड़ीवाल और जयवंती अजमेरा ने भक्तिरस से सराबोर प्रस्तुतियां देकर माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। समिति अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल ने बताया कि महाआरती के दौरान मंदिर परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा और श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर अरुण जैन, प्रवीण चौधरी, मनीष शाह, नरेश पाटोदी, लोकेश अजमेरा, अशोक सेठी, पवन अजमेरा, पवन कोठारी, विजय काला सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चांदनपुर वाले बाबा की मनमोहक झांकी रही, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। झांकी निर्माण में जय कुमार छाबड़ा की विशेष भूमिका रही। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा और रंगोली से सजाया गया। सकल दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि पहली बार आयोजित मंदिर सजाओ प्रतियोगिता में सुपार्श्वनाथ मंदिर ने भीलवाड़ा स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सुभाष नगर नेमिनाथ जैन मंदिर और तृतीय स्थान आरके कॉलोनी स्थित आदिनाथ जैन मंदिर को मिला।

# सवाईपुर क्षेत्र का शानदार परिणाम, चिराग, सरिता, संजय व कन्हैयालाल ने 90% से अधिक अंक हासिल किए

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव):** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में सवाईपुर सहित आसपास के विद्यालयों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल रहा और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाइयां दी गई।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवाईपुर की प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने बताया कि विद्यालय के तीनों संकायों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा सरिता कुमारी जाट ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

इसी क्रम में क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राउमावि बड़ला के छात्र संजय बलाई ने 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि राउमावि रीठ, कोटड़ी के छात्र कन्हैयालाल जाट ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया।

वहीं एसआरके खंडेलवाल स्कूल जोबनेर, जयपुर के छात्र सालरिया निवासी चिराग सुवालका ने 12वीं साइंस में 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। रॉयल पब्लिक स्कूल गिरवा, उदयपुर के छात्र सवाईपुर निवासी लक्ष्य श्रोत्रिय ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

# बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान, गेहूं-चना-जौं की फसलें बर्बाद

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव):** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार रात्रि को हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश के दौरान कई गांवों में छोटे-बड़े ओले गिरने से खेतों में खड़ी एवं कटी पड़ी गेहूं, जौं और चने की फसलें खराब हो गई।

क्षेत्र में सवाईपुर के साथ ढेलाणा बड़ला, खरेड़, होलिरड़ा, भाकलिया, अड़सीपुरा, गेंदलिया, चावंडिया, रूपाहेली, आकोला, चांदगढ़ सहित कई गांवों में ओलावृष्टि हुई। कई स्थानों पर बेर से लेकर नींबू के आकार तक के ओले गिरे, जिससे खेतों में सफेदी की चादर बिछ गई।

किसानों के अनुसार फसल पककर तैयार थी और कई जगह कटाई भी हो चुकी थी। ऐसे में इस बारिश ने उत्पादन और गुणवत्ता दोनों को नुकसान पहुंचाया है। यदि 10-15 दिन मौसम साफ रहता तो किसानों को अच्छा मुनाफा मिलने के साथ पशुओं के लिए चारा भी मिल जाता, लेकिन अचानक बदले मौसम ने चार महीने की मेहनत पर पानी फेर दिया।

मंगलवार को किसान खेतों में पहुंचकर फसलों की स्थिति का जायजा लेते नजर आए।

भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष, कन्हैयालाल प्रजापत ने बताया की
क्षेत्र के कई गांवों में बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से गेहूं, चना और जौं की फसल में भारी नुकसान हुआ है। सरकार से किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की जाएगी।

प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख, बद्रीलाल जाट, ने बताया की सवाईपुर व बड़लियास क्षेत्र में कई गांवों में ओलावृष्टि से खड़ी और कटी फसलें खराब हो गई। गुणवत्ता गिरने से बाजार भाव कम मिलेगा, जिससे किसानों को बड़ा नुकसान होगा। साथ ही पूर्व मुआवजा भी अब तक नहीं मिला है, सरकार शीघ्र राहत प्रदान करे।

# एमजी अस्पताल का विधायक कोठारी ने किया निरीक्षण, बिजली व्यवस्था सुधारने व कैथ लैब जल्द शुरू करने के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने महात्मा गांधी अस्पताल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दौरे के दौरान विधायक ने अस्पताल परिसर में विद्युत व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों और पीएमओ डॉ. अरुण गौड़ को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए अस्पताल में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आपातकालीन एवं नियमित चिकित्सा सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए।

विधायक कोठारी ने कहा कि एमजी अस्पताल शहर की प्रमुख स्वास्थ्य संस्था है, जहां बेहतर बिजली व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने नव निर्मित भवन में कैथ लैब को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। बताया कि आवश्यक उपकरणों का ऑर्डर दिया जा चुका है और इसके शुरू होने से भीलवाड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को हृदय रोगों की उन्नत जांच एवं उपचार की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेगी, जिससे बड़े शहरों पर निर्भरता कम होगी।

इसके साथ ही विधायक ने अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी सुविधाओं के विस्तार पर जोर देते हुए आई, ईएनटी एवं आर्थोपेडिक सर्जरी सहित आधुनिक तकनीक आधारित सेवाएं विकसित करने की आवश्यकता बताई।

अंत में उन्होंने पीएमओ को अस्पताल की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने, मरीजों व उनके परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# संघर्ष से सफलता की कहानी : दानपुरा की वंदना बंजारा ने 90.40% अंक लाकर किया स्कूल टॉप

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**शुभम जैन** दानपुरा निवासी मेम्बर बंजारा व राधा देवी की सुपुत्री वंदना बंजारा ने अपनी मेहनत, लगन और अटूट हौसले के दम पर 12वीं कला वर्ग में 90.40% अंक प्राप्त कर सीनियर सेकेंडरी स्कूल मकरेड़ी में टॉप कर इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि से स्कूल, परिवार और पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।

वंदना की सफलता सिर्फ अंक नहीं, बल्कि संघर्ष की एक प्रेरणादायक कहानी है। साधारण आर्थिक स्थिति में पली-बढ़ी वंदना ने कभी भी अपने सपनों को कमजोर नहीं होने दिया। रोजाना करीब 5 किलोमीटर दूर मकरेड़ी स्थित स्कूल तक आना-जाना और फिर घंटों पढ़ाई करना, उसकी दिनचर्या का हिस्सा रहा।

कठिन परिस्थितियों के बावजूद वंदना ने अपने जुनून और निरंतर प्रयास से यह मुकाम हासिल किया। उसकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि अगर हौसला मजबूत हो, तो कोई भी मुश्किल रास्ता रोक नहीं सकता।

वंदना का सपना यूपीएससी परीक्षा पास कर प्रशासनिक अधिकारी बनने का है, ताकि वह अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर सके।

ग्रामीणों और शिक्षकों ने वंदना की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## QUICK BITES

### शक्करगढ़ बालिका विद्यालय का शानदार परिणाम, 100% रिजल्ट

#### नंदिनी शर्मा ने 97.60% अंक के साथ किया टॉप

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय ने शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज करते हुए क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई।

प्रधानाचार्य उच्छब लाल मीना ने बताया कि इस वर्ष सभी छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। कुल 40 छात्राओं में से 38 प्रथम श्रेणी तथा 2 द्वितीय श्रेणी में पास हुईं, जबकि तृतीय श्रेणी में कोई छात्रा नहीं रही।

मेधावी छात्राओं में नंदिनी शर्मा ने 97.60% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। निहारिका 95.40% के साथ द्वितीय, अवधि 92.80% के साथ तृतीय, सानिया 92.20% के साथ चतुर्थ और दीप्तिका 92% अंक के साथ पंचम स्थान पर रहीं।विद्यालय परिवार में इस शानदार परिणाम को लेकर खुशी का माहौल है।

### बिजौलियां ब्लॉक का शानदार रिजल्ट: 12वीं में अधिकांश विद्यालयों का परिणाम शत-प्रतिशत

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

ब्लॉक क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयों में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उत्कृष्ट परिणाम में विद्यार्थियों ने न केवल गुणवत्ता बल्कि संख्या के लिहाज से भी शानदार प्रदर्शन किया।

छोटी बिजौलियां की अक्षरा जैन ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्लॉक में सर्वोच्च स्थान हासिल किया, वहीं श्यामपुरा की हर्षिता मीणा ने 96 प्रतिशत अंक लेकर क्षेत्र का मान बढ़ाया। जलीन्द्री में हर्षिता मीणा और मौनिका किराड़ ने 94-94 प्रतिशत, अजय किराड़ ने 92.4 प्रतिशत तथा कविता माली ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। नया नगर की नीतू शक्तावत ने भी 92 प्रतिशत अंक हासिल किए।


महात्मा गांधी स्कूल में विज्ञान संकाय के सभी 23 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, वहीं बालिका विशाखा चित्तौड़ा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। माल का खेड़ा में सभी 21 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास हुए, जबकि जलीन्द्री में 32 में से 31 और मांगटला में 10 में से 9 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में सफल रहे।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजौलियां के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय का परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा।

उत्कृष्ट परिणाम पर क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। सीबीईओ माली राम यादव ने कहा कि व्याख्याताओं की कमी के बावजूद शिक्षकों की मेहनत से पूरे ब्लॉक का परिणाम श्रेष्ठ रहा है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक के मेधावी विद्यार्थियों का शीघ्र ही सम्मान किया जाएगा।

### नवाचारों से बदली तस्वीर, मुकुनपुरिया स्कूल का 12वीं परिणाम शत-प्रतिशत

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**







उपखंड क्षेत्र के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुकुनपुरिया ने इस वर्ष 12वीं परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय में शिक्षण व्यवस्थाओं में किए गए नवाचारों और नियमित अध्ययन के चलते यह सफलता हासिल हुई।

संस्थाप्रधान सुनील कुमार मीणा के नेतृत्व में विद्यालय स्टाफ ने अनुशासित वातावरण, नियमित कक्षाएं, पूर्ण उपस्थिति और आधुनिक शिक्षण संसाधनों के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया। इसी का परिणाम रहा कि सभी विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे।

विद्यालय में कुल 26 विद्यार्थियों में से 23 ने प्रथम श्रेणी तथा 3 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। मेधावी विद्यार्थियों में प्रियंका पुरोहित ने 95.20% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनिता बैरवा 91.60% के साथ द्वितीय और दिनेश धाकड़ ने 86.60% अंक प्राप्त किए।

विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

### फुलियाकला की छात्रा ऋषिका चौधरी ने 12 वी परीक्षा में prapt किए 97.60% अंक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा घोषित कक्षा 12वीं कला वर्ग के परीक्षा परिणाम में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय फुलिया कला की छात्रा ऋषिका चौधरी ने 97.60% अंक प्राप्त कर ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय की छात्रा अंजली कंवर रावाणा राजपूत व कोमल बैरवा ने 96.20% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की कुल9 छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं ।विद्यालय की 31 छात्रों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त कर बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु पात्रता अर्जित की है । इन छात्राओं को राज्य सरकार द्वारा 5000 की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी।कुल 42 छात्राओं में से 41 छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। सभी स्टाफ साथियों, छात्राओं व परिजनों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।